# लोक शिक्षण संचालनालय
## छत्तीसगढ़

इन्द्रावती भवन ब्लॉक "सी" – अटल नगर
फोन नम्बर– 0771–2331385, फैक्स नम्बर – 0771–2445215, ई–मेल– cg.dpi.dir@gmail.com

## :प्रेस विज्ञप्तिः

लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. द्वारा व्याख्याता की सीधी भर्ती हेतु व्यापम के माध्यम से चयन परीक्षा ली गयी थी । व्यापम द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के आधार पर ओवरऑल मेरिट सूची में अर्ह पाये गये अभ्यार्थियों के दस्तावेजो का परीक्षण 05.11.2019 से 11.11.2019 तक स्थानीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर छ.ग. में किया गया था। सत्यापन हेतु सभी संवर्ग के अभ्यार्थियों को मेरिट सूची में ओवरऑल रैंक के आधार पर बुलाया गया था। दस्तावेज सत्यापन हेतु संचालनालय एवं जिला स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लगाया गया था। इस प्रकार अब तक सभी 06 विषयों में कुल 4104 अभ्यर्थियों को सत्यापन हेतु बुलाया गया था। जिसमें 3801 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 303 अनुपस्थित रहे। दस्तावेजो के परीक्षण उपरांत रसायन मे 108 , जीव विज्ञान में 127, भौतिकी में 196 , गणित मे 268 , वाणिज्य मे 270 तथा अंग्रेजी मे 150 अभ्यर्थी अपात्र चिन्हांकित हुये है। अभ्यर्थियों को निम्नलिखित कारणों से अपात्र किया गया है :–

**बी.एड. नही या बी.एड. अपूर्ण , स्नातकोत्तर की उपाधि नहीं या तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण , निवास प्रमाण पत्र अन्य राज्य का होने के कारण अथवा छ0ग0 का निवास प्रमाण पत्र नहीं होना , जाति प्रमाण पत्र अन्य राज्य का होने के कारण अथवा छ0ग0 का जाति प्रमाण पत्र नहीं होना , दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र दिनांक 30.09.2019 के पश्चात जारी होना , दिव्यांगता 40% से कम होना , छ0ग0 शासन द्वारा निर्धारित अधिकतम आयु सीमा से अधिक आयु होना , विभागीय अनुमति के लिए निर्धारित समय मे आवेदन न करने या अनापत्ति प्रमाण प्रस्तुत नही करना , सत्यापन दिनांक को अनुपस्थित होना तथा एक ही सत्र में दो डिग्रियां एक साथ प्राप्त करना ।**

अपात्र अभ्यार्थियो को दावा आपत्ति हेतु दिनांक 25.11.19 से 30.11.19 के मध्य प्रमाणिक दस्तावेज सहित पक्ष रखने का अवसर दिया जा रहा है। दावा आपत्ति हेतु अभ्यर्थी को लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन नवा रायपुर छ.ग. मे कार्यालायीन अवधि मे स्वंय उपस्थित होना आवश्यक है। पात्र , अपात्र एवं अनुपस्थित अभ्यर्थियो की सूची www.eduportal.cg.nic.in में दिनांक 21.11.2019 से देखा जा सकता है।

उप संचालक 19/11
लोक शिक्षण संचालनालय
छ.ग.

Scanned by CamScanner